**पत्र सूचना शाखा**

**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0**

# राज्यपाल ने एम0बी0 क्लब से स्पष्टीकरण मांगा

## मौलाना डॉ0 कल्बे सादिक को एम0बी0 क्लब में प्रवेश न मिलने पर राज्यपाल गंभीर

**लखनऊ: 13 सितम्बर, 2015**

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने मौलाना डॉ0 सादिक को एम0बी0 क्लब में ड्रेस कोड के कारण प्रवेश न दिये जाने के संबंध में आज प्रमुख समाचार पत्रों में छपी खबर का संज्ञान गंभीरता से लेते हुए सचिव एम0बी0 क्लब, लखनऊ को पत्र भेजकर 24 घंटे में स्पष्टीकरण मांगा है। उन्होंने यह भी कहा है कि वे ड्रेस कोड के संबंध में बनाये हुए नियम भी देखना चाहेंगे।

उल्लेखनीय है कि आकांक्षा समिति तथा ईश्वर फाउंडेशन की ओर से कैंसर पीड़ित बच्चों की ओर से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमें मौलाना डॉ0 कल्बे सादिक को अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया था। पारम्परिक वेश में होने के कारण उन्हें एम0बी0 क्लब द्वारा प्रवेश की अनुमति नहीं दी गयी। राज्यपाल ने इसे आपत्तिजनक एवं दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए पूरी घटना की वस्तुस्थिति जाननी चाही है।

---------